# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017
## Second Language - HINDI
### PART - A & B

**CLASS : VII ]** **(Max. Marks : 80)** **[ Time : 2.45 Mts.**

**सूचना : 1) प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।**
**2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।**
**3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।**
**4) भाग 'A' के लिए दो (2) घंटों का समय निर्धारित है ।**

**Marks : 60 ]** **PART – A**

**I. <u>अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया :</u>**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।** **5 X 1 = 5**

एक पेड़ था । उसका एक दोस्त था । उसका नाम अमर था । रोज अमर पेड़ के पास जाता था । उसके फल खाता था । उसके पत्तों से माला बनाता था। उसकी शाखाओं से झूलता था । दोनों आपस में आँखमिचौनी खेलते थे ।

**प्रश्न :** 1. पेड़ का दोस्त कौन था ?
2. अमर रोज कहाँ जाता था ?
3. अमर पेड़ के पत्तों से क्या बनाता था ?
4. आँख मिचौनी कौन - कौन खेलते थे ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक में लिखिए ।** **5 X 1 = 5**

प्राचीन काल में नरकासुर नामक एक राक्षस रहता था । वह लोगों को खूब सताता था । लोग भगवान श्रीकृष्ण के शरण में गये । श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा के साथ नरकासुर पर आक्रमण किया । उस युद्ध में सत्यभामा ने नरकासुर का वध किया ।

**प्रश्न :** 1. राक्षस का नाम क्या था ? [ ]
A) मृगासुर B) नागासुर C) बकासुर D) नरकासुर

2. लोग किसके शरण में गये ? [ ]
A) श्रीकृष्ण B) श्रीराम C) महेश्वर D) ब्रह्मा

3. श्रीकृष्ण की पत्नी कौन थी ? [ ]
A) सत्यमणि B) सत्यलता C) सत्यभामा D) सत्यवति

4. सत्यभामा ने नरकासुर का क्या किया ? [ ]
A) सम्मान B) वध C) निंदा D) प्रशंसा

5. यह किस काल की कहानी है ? [ ]
A) आधुनिक काल B. प्रातः काल
C. प्राचीन काल D. संध्याकाल

**3. नीचे दिया गया पद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।5 X 1 = 5**

मन करता है सूरज बनकर,
 आसमान में दौड़ लगाऊँ ।
मन करता है चंदा बनकर,
 सब तारों पर अकड़ दिखाऊँ ।
मन करता है तितली बनकर,
 दूर - दूर तक उडता जाऊँ ।

**प्रश्न :** 1. सूरज बनकर क्या करने को मन करता है ?
2. चंदा बनकर क्या करने को मन करता है ?
3. क्या बनकर दूर - दूर तक उडने को मन करता है ?
4. पद्यांश में आकाश से संबंधित क्या - क्या शब्द है ?
5. यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**4. नीचे दिये गये पद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर कोष्टक में लिखिए । 5 X 1 = 5**

घिर आये हैं बादल काले,
 गरज रहे हैं बन मतवाले ।
खुश हो होकर मोर कूकते,
 झूम - झूम के नाच दिखाते ।
रिमझिम - रिमझिम पानी पडता,
 जन - जन का मन खूब फड़कता ।

**प्रश्न :**

1. बादल कैसे हैं ? [ ]
 A) काले B) पीले C) नीले D) गोरे
2. बादल क्या कर रहे हैं ? [ ]
 A) बरस रहे हैं B) गरज रहे हैं C) भाग रहे हैं D) सो रहे हैं
3. खुश होकर कौन कूकते हैं ? [ ]
 A) तीतर B) कबूतर C) मोर D) शेर
4. मोर झूम - झूम के क्या करता है ? [ ]
 A) बैठता है B) उडता है C) सोता है D) नाचता है
5. किनका मन खूब फडकता है ? [ ]
 A) बच्चों का B) जन - जन का
 C) बूढों का D) बादलों का

**II. <u>अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता :-</u>**

**अ) नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर 2 - 3 वाक्यों में लिखिए । 6 X 3 = 18**

5. भारत में बहनेवाली कुछ नदियों के नाम लिखिए ।
6. भारत किनकी आँखों का तारा है ?

7. तुम्हारा मन क्या करने को कहता है ?

8. हम हिंदी कैसे सीख सकते हैं ?

9. ''आसमान गिरा'' पाठ में कौन - कौन से जानवर हैं ?

10. अमर शहर कैसे चला गया ?

**आ) नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर 6 - 8 वाक्यों में लिखिए ।** **2 X 6 = 12**

11. भारत धरती का स्वर्ग कैसे होता है ?

**(या)**

बच्चे क्या - क्या बनना चाहते हैं और क्या - क्या करना चाहते हैं ?

12. कैसे पता चला कि ''धम्म'' यह आवाज़ नारियल की थी ।

**(या)**

हम सबका सच्चा दोस्त कौन है ? क्यों ?

**इ) नीचे दिये गये प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए ।** **1 X 5 = 5**

13. अपने भाई के विवाह में जाने केलिए छुट्टी माँगते हुए प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**(या)**

तुम को बुखार आया है । दो दिन आराम लेना चाहिए ।


इसलिए प्रधानध्यापक के नाम छुट्टी - पत्र लिखो ।

**ई) नीचे दिये गये प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए ।** **1 X 5 = 5**

14. रोजी की जगह तुम होते तो हिंदी के बारेमें क्या कहोगे ?

**(या)**

संकेतों [illegible]र अपनी पाठशाला के बारे में लिखिए ।




: ____________________

: ____________________

: ____________________

: ____________________

: ____________________

: ____________________

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

### PART - B

**CLASS : VII ]** **(Max . Marks : 20)**

**Name of the student : ........................................ Roll No : ........... Section :................**

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वरचना | सृजनात्मकता | | |
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

**सूचना :** 1. **भाग** 'B' **के प्रश्नों उत्तर, प्रश्न पत्रिका में ही लिखिए ।**

2. **भाग** 'B' **के लिए आधे** (½) **घंटे का समय निर्धारित हैं ।**

**विशेष सूचना :**

1. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**
2. 1 **से** 20 **तक उचित उत्तर का अक्षर सामने दिये गये कोष्टक में लिखिए।**
3. **काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे।**

---

**निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।** **20 X 1 = 20**

1. मेरा एक अच्छा <u>दोस्त</u> है । (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।) [    ]
   A) लडका B) आदमी C) भाई D) मित्र
2. <u>अध्यापक</u> पाठ पढाते हैं । (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।) [    ]
   A) नायक B) रक्षक C) शिक्षक D) लेखक
3. पेड़ <u>के नीचे</u> घर है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।) [    ]
   A) के आगे B) के ऊपर C) के अंदर D) के पास
4. <u>हाँ,</u> मैं सच बोल रहा हूँ । [    ]
   (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)
   A) नहीं B) सहीं C) यही D) वही
5. <u>विदयालय</u> में सभा चल रही है । [    ]
   (रेखांकित शब्द की सही वर्तनी पहचानिए ।)
   A) विद्यलय B) विद्यालय C) विध्यालय D) विध्यलय

6. भारत का संविदन बहुत बडा है । [ ]
(रेखांकित शब्द की सही वर्तनी पहचानिए ।)
A) समविदान B) संविदान C) संविधान D) संविधन

7. बेमेल शब्द पहचानिए । [ ]
A) बिल्ली B) कोयल C) कुत्ता D) बकरी

8. बेमेल शब्द पहचानिए । [ ]
A) माँ B) दादी C) भाई D) बहिन

9. एक वर्ष में कितने महीने होते हैं ? (सही संख्या पहचानिए ।) [ ]
A) 6 B) 16 C) 2 D) 12

10. ''पंद्रह'' को अंकों में लिखिए । [ ]
A) 5 B) 10 C) 15 D) 20

11. '18' को अक्षरों में लिखिए ।
A) आठ B) अठारह C) बारह D) सत्रह

12. उसके भाई ने मेरी सहायता की । [ ]
(रेखांकित शब्द का स्त्री लिंग रूप क्या है ?)
A) बहिन B) बच्ची C) बेटी D) चाची

13. फूलों से माला बनाते हैं । (रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?) [ ]
A) माले B) मालाएँ C) मालियाँ D) माला

14. यह रास्ता अच्छा है । - रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप क्या है ? [ ]
A) रास्ताइयाँ B) रास्ताएँ C) रास्ते D) रास्तें

15. चंदा बहुत सुंदर है । - संज्ञा शब्द पहचानिए । [ ]
A) बहुत B) है C) सुंदर D) चंदा

16. मैं अमरावति जाना चाहता हूँ । - सर्वनाम शब्द पहचानिए । [ ]
A) मैं B) अमरावति C) जाना D) चाहता हूँ ।

17. यह आम मीठा है । - विशेषण शब्द पहचानिए । [ ]
A) मीठा B) है C) आम D) यह

18. बच्चे आँख मिचौनी खेलते हैं । (क्रिया शब्द पहचानिए ।) [ ]

A) हैं B) खेलते C) बच्चे D) आँखमिचौनी

19. शुद्ध रूप पहचानिए । [ ]

A) छुट्टी देने की कृपा कर B) छुट्टी देने की कृपा करें

C) छुट्टी देने की कृपा करो D) छुट्टी देने की कृपा करना

20. सही क्रम पहचानिए । [ ]

A) गिर है आसमान रहा B) है रहा आसमान गिर

C) रहा आसमान गिर है । D) आसमान गिर रहा है ।